FY-405

Reg. No. : ....

Name : ....

FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2024

Part – II

Time : 2½ Hours

HINDI

Cool-off time : 15 Minutes

Maximum : 80 Scores

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें : **(5 × 1 = 5)**

1. असलम किस कहानी का पात्र है ?

   (दुख, अपराध, अनुताप)

2. अंधकार का जलधि लाँघकर कौन आएगी ?

   (शशि किरण, सूर्य किरण, प्रभात किरण)

3. 'अपराध' कहानी में किस खेल के बारे में कहा गया है ?

(क्रिकेट, खड़ब्बल, फुटबॉल)

4. बैंक क्लर्क क्यों प्रसन्न हुआ ?

(प्रशंसा सुनकर, संगीत सुनकर, कहानी सुनकर)

5. 'कहना नहीं आता' किस विधा की रचना है ?

(नाटक, कहानी, कविता)

सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

पत्थर की बैंच
जिसपर अंकित हैं आँसू, थकान
विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ
इस पत्थर की बैंच के लिए भी
शुरू हो सकता है किसी दिन
हत्याओं का सिलसिला
इसे उखाड़ कर ले जाया
अथवा तोड़ा भी जा सकता है

6. हत्याओं का सिलसिला शुरू होगा – किसके लिए ? **(1)**

(पत्थर की बैंच के लिए, पत्थर के किले के लिए, पत्थर की दीवार के लिए)

7. पत्थर की बैंच पर क्या-क्या अंकित है ? **(2)**

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

सूचना : 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें : **(2 × 2 = 4)**

9. 'आदमी का स्वप्न ? है वह बुलबुला जल का आज बनता और कल फिर फूट जाता है ।' – किसका स्वप्न है ? स्वप्न किसके समान है ?

10. 'असलम अब नहीं आएगा' – नये रिक्शेवाले ने किससे कहा ? क्यों ?

11. 'प्रत्येक पतंगा एक नक्षत्र की भाँति अपने मार्ग पर चक्कर काट रहा था ।' नीचे दिए शब्दों के समानार्थी शब्द वाक्य से चुनकर लिखें ।

    तारा –

    रास्ता –

सूचना : 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(3 × 4 = 12)**

12. दोहा पढ़ें और आशय लिखें ।

    कामी क्रोधी लालची, इनते भक्ति न होय ।

    भक्ति करै कोइ सूरमा, जाति बरन कुल खोय ।।

13. ये कथन पढ़ें और बीरबल सिंह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

    - अब मैं क्या करूँ अहिंसा के व्रतधारियों पर डंडे बरसाना और बात है, हिंसक भीड़ का सामना करना और !
    - सिपाहियों, लाठी चार्ज करो ।

14. जीवन-वृत्त पढ़ें और जयशंकर प्रसाद के बारे में एक अनुच्छेद लिखें।

जीवन-वृत्त		
नाम	:	जयशंकर प्रसाद
जन्म	:	30 जनवरी, 1889
जन्म-स्थान	:	वाराणसी, उत्तर प्रदेश
प्रमुख रचनाएँ	:	छाया, कामायनी, स्कंदगुप्त
विशेषता	:	साहित्य की विभिन्न विधाओं में सृजन
मृत्यु	:	14 जनवरी, 1937

15. सही मिलान करें।

बूढ़ा आदमी – पसीना पोंछते-पोंछते टिकट काटना।

संभ्रांत महिला – मुझे हस्तलिपि के लिए पहला पारितोषिक भी मिला था।

टिकट बाबू – इसके फल मेरे नाती-पोते खाएँगे।

बैंक का क्लर्क – पता नहीं मैं इस रास्ते से गुजरूँ या न गुजरूँ।

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न **16** और **17** के उत्तर लिखें।

अमेरिका के प्रेसिडेंट बेंजमिन फ्रैंकलीन के बारे में एक सुंदर बात सुनी जाती है – उनके पास एक गरीब विद्यार्थी मदद माँगने के लिए आया। उसे उन्होंने 20 डॉलर दिए। वे तो यह छोटी रक़म देकर भूल गए। लेकिन वह विद्यार्थी इस उपकार को न भूला। जब उसके दिन फिरे तब यह 20 डॉलर लौटाने के लिए फ्रैंकलीन के पास गया। फ्रैंकलीन ने कहा, "मुझे याद तो नहीं है कि मैंने यह रक़म आपको कब दी। लेकिन खैर, आप इसे अपने ही पास रखिए और जब आपके पास कोई ऐसा ही ज़रूरतमंद आए तो उसे यह दे दीजिए।"

16. रकम लौटाने आए विद्यार्थी से प्रसिडेंट ने क्या कहा ? **(2)**

17. गद्यांश का संक्षेपण करें। **(6)**

सूचना : 18 से 21 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें। **(3 × 6 = 18)**

18. 'यात्री को शॉक-सा लगा' असलम की मृत्यु की खबर सुनकर नये रिक्शेवाले और यात्री के बीच की बातचीत लिखें।

- असलम की मृत्यु की खबर
- पश्चात्ताप से उत्पन्न अनुताप
- असलम के प्रति सहानुभूति

19. अंग्रेज़ी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें :

Mother : Why did you wake up late today ?

Ravi : Amma, I had to finish some home-work last night.

Mother : Why didn't you finish your work on time ?

Ravi : Sorry, the teacher assigned this work only yesterday

Mother : Ok

(Home-work – गृह-कार्य)

20. 26 जनवरी गणतंत्र दिवस है। मान लें, इस अवसर पर आपके स्कूल में 'एकता' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

21. लेखक की प्रशंसा सुनकर बैंक का क्लर्क खुश होता है। इसके बारे में वह डायरी में लिखता है। वह डायरी लिखें।

- बैंक क्लर्क की अच्छी हस्तलिपि
- लेखक द्वारा क्लर्क की प्रशंसा
- क्लर्क पर प्रशंसा का प्रभाव

सूचना : 22 से 25 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें : **(3 × 8 = 24)**

22. किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें :

- फ़िल्म का सार
- फ़िल्म का विश्लेषण
- अपना दृष्टिकोण

23. सही मिलान करें :

Resource	–	सार्वजनिक
Internet	–	साझा करें
Public	–	श्रेणियाँ
Search	–	संकेत
Share	–	अंतर्जाल
Categories	–	कूड़ेदान
Symbol	–	संसाधन
Trash	–	खोज

24. बाज़ार में एक नया मॉडल का स्कूटर आया है। इसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें।

- इलेक्ट्रिक बैटरी का उपयोग
- ज़्यादा मैलेज
- प्रदूषण मुक्त (Pollution Free)

25. भारत में बालश्रम पर कानूनी रोकथाम है । फिर भी बालश्रम भारत में हो रहा है । इस विषय पर की गयी कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए, अनिल कुमार, सचिव, लीगल सोसाइटी, तिरुवनंतपुरम की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार के नाम पर एक सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।